# लोक-सभा वाद-विवाद
# का
# हिन्दी संस्करण

**(नौवां सत्र)**

**6th Lok Sabha**

**( खंड 29 में अंक 1 है )**

**लोक सभा सचिवालय,**
**नई दिल्ली**

**मूल्य : चार रुपये**

लोक सभा वाद विवाद हिन्दी संस्करण
दिनांक 20 अगस्त, 1979/29 श्रावण, 1901 (शक)
का शुद्धि पत्र
...

पृष्ठ संख्या तीन के पहले कालम की पंक्ति 41 में "अनवर" के स्थान पर "अकबर" पढ़िये ।

पृष्ठ संख्या पांच के पहले कालम की पंक्ति 1 में "चंदन" के स्थान पर "चन्द्रपाल" पढ़िये ।

पृष्ठ संख्या छ: के पहले कालम की पंक्ति 14 में "कशोक" के स्थान पर "अशोक" पढ़िये ।

पृष्ठ संख्या छ: के दूसरे कालम की पंक्ति 18 में "नायक, श्री बी0के0 " के स्थान पर "नायर, श्री बी0के0" पढ़िये ।

पृष्ठ संख्या नौ के पहले कालम की पंक्ति 25 में "यदव" के स्थान पर "यादवेन्द्र" पढ़िये ।

## विषय सूची

**षष्ठम माला, खण्ड, 29 नौवां सत्र, 1979/1901 (शक)**

**अंक 1, सोमवार, 20 अगस्त, 1979/29 श्रावण, 1901 (शक)**


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| सदस्यों की वर्णानुक्रम सूची . . . . | (तीन) |
| लोक सभा के अधिकारी . . . . . . | (तेरह) |
| मंत्रिमण्डल के सदस्यों तथा राज्य मंत्रियों की सूची . . | (चौदह) |
| निधन संबंधी उल्लेख . . . . . | 1 |
| सर्वश्री मोहन सिंह तूर, मंगलदेव, वी० पी० नायक और प्रिय गुप्त का निधन | 1 |
| प्रधान मंत्री के उस पत्र जिसमें उन्होंने अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का त्यागपत्र दिया, के बारे में घोषणा . . . | 4 |
| सभा पटल पर रखे गये पत्र | |
| (एक) प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्रपति को भेजा गया पत्र जिसमें उन्होंने अपना तथा अपनीय मंत्रिपरिषद् का त्यागपत्र दिया; और . . | 7 |
| (दो) राष्ट्रपति का पत्र जिसमें उन्होंने प्रधान मंत्री तथा उनकी मंत्रिपरिषद् का त्यागपत्र स्वीकार किया और उनसे अन्य व्यवस्था होने तक कार्य करते रहने को कहा। | 7 |

## सदस्यों की वर्णानुक्रम सूची

### लोक-सभा

### अ

अंकनीडु, श्री मगन्ती (मछलीपटनम्)

अंकिनीडू प्रसादराव, श्री,पी० (बापतला)

अंसारी, श्री फकीर अली (मिर्जापुर)

अनबर जहां बेगम, श्रीमती (श्रीनगर)

अग्रवाल, श्री सतीश (जयपुर)

अर्गल, श्री छविराम (मुरैना)

अन्बालागन, श्री पी० (रामनाथपुरम)

अनन्तन, श्री कुमारी (नागरकोइल)

अप्पालानायडू, श्री एस० आर० ए० एस० (अनकापल्ली).

अब्दुल लतीफ, श्री (नलगोंडा)

अमात, श्री डी० (सुन्दरगढ़)

अमीन, प्रो० आर० के० (सुरेन्द्र नगर)

अरूणाचलम, श्री एम० (टेंकासी)

अरूणाचलम, उर्फ अलादी अरूणा, श्री वी० (तिरूनेलवेली)

अलगेशन, श्री ओ० बी० (अर्कोनम)

अलहाज, श्री एम० ए० हनान (बसिरहाट)

अल्लूरी, श्री सुभाषचन्द्र बोस (नरसापुर)

अवारी, श्री गेव० एम० (नागपुर)

अशोकराज, श्री ए० (पेरम्बलूर)

अहमद, श्री हलीमुद्दीन (किशनगंज)

अहमद हुसन, श्री (धुबरी)

अहसान जाफरी; श्री (अहमदाबाद)

### आ

आरिफ बेग, श्री (भोपाल)

आस्टिन, डा० हैनरी (एरणाकुलम)

आहूजा, श्री सुभाष (बेतूल)

### ई

ईन्द्र सिंह, श्री (हिसार)

### उ

उग्रसेन, श्री (देवरिया)

उन्नीकृष्णन, श्री के० पी० (बडागरा)

### ए

एंगती, श्री बीरेन सिंह (स्वायत्तशासी जिला)

एलनचेजियन, श्री वी० एस० (पुदद्कोटाई)

### ओ

ओंकार सिंह, श्री (बदायूं)

ओरांव, श्री लालू (लोहरदगा)

### क

कछवाय, श्री हुकम चन्द (उज्जैन)

कदम, श्री बी० पी० (कनारा)

कानन, श्री पी० (सलेम)

कपूर, श्री लखन लाल (पूर्णिया)

कर्ण सिंह, डा० (उधमपुर)

कल्याणसुन्दारम श्री एम० (तिरूचिरापल्ली)

कृष्ण कान्त, श्री (चण्डीगढ़)

कृष्णन, श्री जी० वाई० (कोलार)

कृष्णन, श्रीमती पार्वती (कोयम्बटूर)

कृष्णप्पा, श्री एम० वी० (चिकबल्लापुर)

काकडे, श्री सम्भाजीराव (बारामती)

कड़नापल्ली, श्री पी० राम चन्द्रन (कासरगोड)

कामाक्षैया, श्री डी० (नेल्लोर)

कामत, श्री हरि विष्णु (होशंगाबाद)
काम्ब्ले, श्री बी० सी० (बम्बई दक्षिण मध्य)
कार, श्री सरत (कटक)
कालदाते, डा० बापू (औरंगाबाद)
कासर, श्री अमृत (पणजी)
किदवई, श्रीमती मोहसिना (आजमगढ़)
किशोरलाल, श्री (पूर्व दिल्ली)
किस्कू, श्री जदुनाथ (झाड़ग्राम)
कुम्हम्बू, श्री के० (ओटापलम)
कुन्डू, श्री समरेन्द्र (बालासोर)
कुरील, श्री आर० एल० (मोहनलालगंज)
कुरील, श्री ज्वाला प्रसाद (घाटमपुर)
कुरेशी, श्री मोहम्मद शफी (अनंतनाग)
कुशवाहा, श्री रामनरेश (सलेमपुर)
केशरवानी, श्री एन० पी० (बिलासपुर)
कैलाश प्रकाश, श्री (मेरठ)
कैहो, श्री (बाह्य मनीपुर)
कोत्रागट्टी, श्री ए० के० (बेलगांव)
कोडियन, श्री पी० के० (अडूर)
कोलनथाइवेलु, श्री आर० (तिरूचेगोड़)
कोलूर, श्री राजशेखर (रायचूर)
कौसलराम, श्री के० टी० (तिरूचेंडूर)
कौशिक, श्री पुरुषोत्तम (रायपुर)

## ख

खिमे, श्री रिनचिंग खाण्डू (अरूणाचल-पश्चिम)
खां, श्री इस्माइल हुसेन (बारपेटा)
खां, कुंवर महमूद अली (हापुड़)
खां, श्री गुलाम मोहम्मद (मुरादाबाद)
खां, श्री महमूद हसन (बुलन्दशहर)
खां, श्री मोहम्मद शमसुलहसन (पीलीभीत)
खालसा, श्री बसन्त सिंह (रोपड़)

## ग

गंगा भक्त सिंह, श्री (शाहाबाद)
गंगा सिंह, श्री (मंडी)
गवई, श्री डी० जी० (बुलडाना)
गट्टानी, श्री आर० डी० (जोधपुर)
गामित, श्री छीतूभाई (माण्डवी)
गायकवाड़, श्री एफ० पी (बड़ौदा)
गिरजानन्दन सिंह, श्री (शिवहर)
गुप्त, श्री कंवर लाल (दिल्ली सदर)
गुप्त, श्री श्याम सुन्दर (बाढ)
गुलशन, श्री धन्ना सिंह (भटिंडा)
गुह, प्रो० समर (कन्टाई)
गोगोई, श्री तरूण (जोरहाट)
गोडे, श्री सन्तोषराव (वर्धा)
गोपाल, श्री के० (करूर)
गोदारा, चौ० हरी राम मक्कासर (बीकानेर)
गोमांगो, श्री गिरिधर (कोरापुट)
गोरे, श्रीमती मृणाल (बम्बई-उत्तर)
गोटखिंडे, श्री अण्णासाहिब (सांगली)
गोयल, श्री कृष्ण कुमार (कोटा)
गोस्वामी, श्रीमती विभा घोष (नवद्वीप)
गौडा, श्री एस० ननजेश (हसन)
गौंडर, श्री वेणुगोपाल (वान्डीवाश)

## घ

घोषाल, श्री सुधीर (मिदनापुर)

## च

चक्रवर्ती, प्रो0 दिलीप (कलकत्ता-दक्षिण)
चटर्जी, श्री सोमनाथ (जादवपुर)
चतुर्भुज, श्री (झालावाड)
चतुर्वेदी, श्री शम्भूनाथ (आगरा)



30

चन्दन सिंह, श्री (कैराना)

चन्द्र, डा० प्रतापचन्द्र (कलकत्ता-उत्तर-पूर्व)

[redacted] सिंह, श्री (अमरोहा)

चन्द्रप्पन, श्री सी० के० (कन्नानूर)

चन्द्रशेखर, श्री (बलिया)

चन्द्रशेखर सिंह, श्री (वाराणसी)

चन्द्रावती, श्रीमती (भिवानी)

चरण नरजरी, श्री (कोकाझार)

चरण सिंह, श्री (बागपत)

चव्हाण, श्री यशवन्तराव (सतारा)

चव्हाण, श्रीमती प्रेमलाबाई (कराड़)

चान्दराम, श्री (सिरसा)

चावड़ा, श्री के० एस० (पाटन)

चिक्कलिंगया, श्री के० (माड्या)

चेतरी, श्री के० बी० (दार्जिलिंग)

चौधरी, श्री ईश्वर (गया)

चौधरी, श्री के० बी० (बीजापुर)

चौधरी, श्री त्रिदिब (बरहामपुर)

चौधरी, श्री मोतीभाई आर० (बनासकांठा)

चौधरी, श्रीमती रशीदा हक (सिलचर)

चौधरी, श्री रुद्रसेन (केसरगंज)

चौहान, श्री बेगाराम (गंगानगर)

चौहान, श्री नवाब सिंह (अलीगढ़)

चौहान, श्री भारत सिंह (धार)

## ज

जगजीवन राम, श्री (सासाराम)

जगन्नाथन, श्री एन० (श्रीपेरम्बदूर)

जयलक्ष्मी, श्रीमती वी० (शिवकाशी)

जसरोटिया, श्री बलदेव सिंह (जम्मू)

जार्ज, श्री एस० सी० (मुकुन्दपुरम)

जाफर शरीफ, श्री सी०के० (बंगलौर-उत्तर)

जांबदे, श्री श्रीधर राव नाथोबाजी (यवतमाल)

जुल्फकार, उल्लाह श्री (सुल्तानपुर)

जेठमलानी, श्री राम (बम्बई-उत्तर-पश्चिम)

जैन, श्री कचरू लाल हेमराज (बालाघाट)

जैन, श्री कल्याण (इन्दौर)

जैन, श्री निर्मल चन्द (सिवनी)

जायसवाल, श्री अनन्तराम (फैजाबाद)

जोरदार, श्री दिनेश (माल्दा)

जोशी, डा० मुरली मनोहर (अलमोडा)

## ट

टिरकी, श्री पीयूष (अलीपुर द्वार)

टोम्बी सिंह, श्री एम० (आन्तरिक मणीपुर)

## ठ

ठाकरे, श्री कुशाभाऊ (खंडवा)

ठाकुर, श्री अर्जुन सिंह (कांकेर)

ठाकुर, श्री कृष्ण राव (चिमूर)

## ड

डान, श्री राज कृष्ण (वर्दमान)

डोले, श्री एल० के० (लखीमपुर)

डामोर, श्री सोमजी भाई (दोहद)

डिंगल, श्री श्रीवाटचा (फूलवनी)

## ढ

ढिल्लो, श्री इकबाल सिंह (जालंधर)

## त

तन सिंह श्री (बाड़मेर)

तलवंडी, श्री जगदेव सिंह (लुधियाना)

तिवारी, श्री द्वारिका नाथ (गोपालगंज)

तिवारी, श्री ब्रजभूषण (खलीलाबाद)

तिवारी, श्री मदन (राजनन्दगांव)
तिवारी, श्री रामानन्द (बक्सर)
तुलसीराम श्री बी० (पेड्डापलि)
तोहरा, श्री जी० एस० (पटियाला)
तेज, प्रताप सिंह, श्री (हमीरपुर)
त्यागी, श्री ओम प्रकाश (बहराइच)
त्यागराजन, श्री पी० (शिवगंगा)
त्रिपाठी, श्री माधव प्रसाद (डुमरिया गंज)
त्रिपाठी, श्री राम प्रकाश (कन्नौज)

### थ

थामस, श्री स्कारिया (कोट्टायम)
थोरट, श्री भाऊसाहिब (पंडरपुर)

### द

दंडवते, प्रो० मधु (राजापुर)
दण्डयूतपाणि, श्री वी० (बेल्लोर)
दत्त, श्री अशोक कृष्ण (दमदम)
दवे, श्री अनन्त (कच्छ)
दानवे, श्री पुण्डलीक हरि (जालना)
दाभी, श्री अजीत सिंह (आनन्द)
दामाणी, श्री एस० आर० (शोलापुर)
दास, श्री रेणुपद (कृष्णनगर)
दास, श्री श्याम सुन्दर (सीतामढ़ी)
दास गुप्ता, श्री के० एन० (जलपाईगुड़ी)
दासप्पा, श्री तुलसीराम (मैसूर)
दिग्विजय नारायण सिंह, श्री (वैशाली)
दुर्गाचन्द (कांगडा)
देशमुख, श्री नानाजी (बलरामपुर)
देशमुख, श्री रामप्रसाद (हाथरस)
देशमुख, श्री शेस राव (परभणी)
देसाई, श्री डी० डी० (कैरा)
देसाई, श्री मोरारजी (सूरत)
देसाई, श्री दाजीबा (कोल्हापुर)
देसाई, श्री हितेन्द्र (गोधरा)
देवराजन, श्री बी० (रसीपुरम)
देव, श्री वी० किशोर चन्द एस० (पार्वतीपुरम)
देव, श्री पी० के (कालाहाडी)

### ध

धारा, श्री सुशील कुमार (तामलुक)
धारिया, श्री मोहन (पुणे)
धुर्वे, श्री श्याम लाल (मंडला)
धोंगडे, श्री केशव राव (नांदेड)

नाथू सिंह, श्री (दौसा)
नथवानी, श्री, नरेन्द्र पी० (जूनागढ़)
नथूनी राम, श्री (नवादा)
नरेन्द्र सिंह, श्री (दमोह)
नाहटा, श्री अमृत (पाली)
नायक, श्री लक्ष्मीनारायण (खजूराहो)
नायक, श्री एस० एच० (नादरबार)
नायक, श्री बी० के० (मवेलिकारा)
नायर, श्री एन० श्रीकान्तन (क्विलोन)
नायर, डा० सुशीला (झांसी)
नारायण, श्री के० एस० (हैदराबाद)
नाहर, श्री विजय सिंह (कलकत्ता-उत्तर-पश्चिम)
नायर, श्री एम० एन० गोविन्दन (त्रिवेन्द्रम)
नायडू, श्री पी० राजगोपाल (चितूर)
नेगी, श्री टी० एस० (टिहरी गढ़वाल)

### प

पंडित, डा० बसन्तकुमार (राजगढ़)
पटनायक, श्री बिजू (केन्द्रपाड़ा)

पटनायक, श्री शिवाजी (भुवनेश्वर)
पटेल, श्री अहमद एम० (भड़ौंच)
पटेल, श्री आर० आर० (दादरा और नागर हवेली)
पटेल, श्री एच० एम० (साबरकंठा)
पटेल, कुमारी मणिबेन बल्लभभाई (मेहसाना)
पटेल, श्री द्वारिकादास (अमरेली)
पटेल, श्री धर्म सिंह भाई (पोरबंदर)
पटेल, श्री नानू भाई एन० (बलसार)
पटेल, श्री मीठालाल (सवाई माधोपुर)
परमार, श्री नटवर लाल (ढंढुका)
परमाई लाल, श्री (हरदोई)
परस्ते, श्री दलपत सिंह (शहडोल)
परूलेकर, श्री बापूसाहिब (रत्नागिरी)
पई, श्री टी० ए० (उदीपी)
पांडे श्री अम्बिका प्रसाद (बांदा)
पांडेय, डा० लक्ष्मी नारायण (मन्दसौर)
पजनौर, श्री अरविन्द बाला (पांडिचेरी)
पाटिल, श्री एस० बी० (बागलकोट)
पाटिल, श्री चन्द्रकांत (हिंगोली)
पाटिल, श्री डी० बी० (कोलाबा)
पाटिल, श्री बालासाहिब विखे (कोपरगांव)
पाटिल, श्री यू० एस० (लातूर)
पाटिल, श्री विजय कुमार एन० (धूलिया)
पाटिल, श्री एस० डी० (इरन्दोल)
पाटीदार, श्री रामेश्वर (खरगोन)
पासवान, श्री राम विलास (हाजीपुर)
पार्थसारथी, श्री पी० (राजमपेट)
पार्वती देवी, श्रीमती (लद्दाख)
पिपिल, श्री मोहन लाल (खुर्जा)
पुजारी, श्री जानदर्न (मंगलौर)
पुल्लय्या, श्री दारूर (अनन्तपुर)
पर्टिन, श्री बकिन (अरूणाचलपूर्व)
पेरियासामी, डा० पी० वी० (कृष्णगिरी)
प्रधान, श्री अमर राय (कूचबिहार)
प्रधान, श्री गणनाथ (सम्बलपुर)
प्रधान, श्री पवित्र मोहन (देवगढ़)
प्रधान, श्री के० (नौरंगपुर)

फ

फजलूर रहमान, श्री (बेतिया)
फलीरो एडुआर्डो, श्री (मारमागोआ)
फर्नान्डीस, श्री जार्ज (मुज्जफरपुर)
फिरंगी, प्रसाद, श्री (बांसगांव)

ब

बटेश्वर, हेमराम, श्री (दुमका)
बद्रीनारायण, श्री ए० आर० (शिमोगा)
बनातवाला, श्री जी० एम० (पोन्नानी)
बरकटकी, श्रीमती रेणुकादेवी (गौहाटी)
बरनाला, श्री सुरजीत सिंह (संगरूर)
बरवे, श्री जे० सी० (रामटेक)
बर्मन, श्री किरित विक्रमदेव (त्रिपुरा पूर्व)
बर्मन, श्री पलाश (बलूरघाट)
बरूआ, श्री देवकान्त (नवगांव)
बरूआ, श्री वेदव्रत (कालियाबोर)
बलदेव प्रकाश डा० (अमृतसर)
बलबीर सिंह, चौधरी (होशियारपुर)
बहुगुणा, श्री हेमवती नन्दन (लखनऊ)
बहुगुणा, श्रीमती कमला (फूलपुर)
बसप्पा, श्री कोंडाजी (दावनगेरे)
बसु, श्री चित्त (बारसाट)
बसु, श्री ज्योतिर्मय (डायमंड हार्बर)
बसु, श्री धीरेन्द्र नाथ (कटवा)
बागड़ी, श्री मनीराम (मथुरा)
बागुन, सुम्बरूई, श्री (सिंहभूम)

बल, श्री प्रद्युमन (जगतसिंहपुर)
बालकराम, श्री (शिमला)
बालकृष्णय्या, श्री टी० (तिरूपति)
बीरेन्द्र प्रसाद, श्री (नालन्दा)

बूरांडे, श्री गंगाधर अप्पा (भिर)
बैरागी, श्री जेना (भद्रक)
बैरो, श्री ए० ई० टी० (नाम निर्देशित आंग्ल भारतीय)
बैरवा, श्री रामकंवर (टोंक)
बोंड, श्री नानासाहिब (अमरावती)
बोड्डपल्ली, श्री राजगोपालराव (श्रीकाकुलम)
बोरोल, श्री यशवन्त (जलगांव)
बृजराज सिंह, श्री (आंवला)
ब्रह्म प्रकाश चौधरी (बाह्य दिल्ली)

भ

भवर, श्री भागीरथ (झाबुआ)
भक्त, श्री मनोरंजन (अंडमान और निकोबर द्वीप समूह)

भगतराम, श्री (फिल्लोर)
भट्टाचार्य, श्री दीनेन (सीरमपुर)
भट्टाचार्य, श्री श्याम प्रसन्न (उलूबेरिया)
भदोरिया, श्री अर्जुन सिंह (इटावा)
भारत भूषण, श्री नैनीताल
भीष्म देव, श्री एम० (नगरकुरनूल)
भुवाराहना, श्री जी० (कुड्डलूर)

म

मंडल, श्री धनिक लाल (झंझारपुर)
मंडल, श्री मुकुन्द (मथुरापुर)
मंडल, डा० विजय (बांकुरा)
मंडल, श्री बी० पी० (मधेपुरा)
मछण्ड, श्री रघुबीर सिंह (भिण्ड)
मनोहरलाल, श्री (कानपुर)
मलिक, श्री मुख्तियार सिंह (सोनीपत)
मल्लिक, श्री रामचन्द्र (जाजपुर)
मल्लिकार्जुन, श्री (मेंडक)
मल्होत्रा, श्री विजय कुमार (दक्षिण दिल्ली)
महाटा, श्री सी० आर० (पुरूलिया)
महाला, श्री के० एल० (झुन्झुनु)
महाले, श्री हरि शंकर (मालेगांव)
महिषि, डा० सरोजिनी (धारवाड़ उत्तर)
महीलाल, श्री (बिजनौर)
माथुर, श्री जगदीश प्रसाद (सीकर)
मानकर, श्री लक्ष्मणराव (भंडारा)
माने, श्री राजाराम शंकरराव (इचलकरंजी)
मायातेवर, श्री के० (डिंडीगल)
मालना, श्री के० (चित्रदुर्ग)
मावलंकर, प्रो० पी० जी० (गांधीनगर)
मिर्जा, श्री सैयद कासिम अली (मुर्शिदाबाद)
मिर्धा, श्री नाथुराम (नागौर)
मिरी, श्री गोविन्द राम (सारगढ़)
मृत्युंजय प्रसाद, श्री (सीवान)
मिश्र, श्री जनेश्वर (इलाहाबाद)
मिश्र, श्री जी० एस० (छिंदवाड़ा)
मिश्र, श्री श्यामनन्दन (बेगुसराय)
मुखर्जी, श्री समर (हावड़ा)
मुण्डा, श्री गोविन्द (क्योंझर)
मुण्डा, श्री कड़िया (खूंटि)
मुरमू, फादर एन्थनी (राजमहल)
मुराहरी, श्री गोड (विजयवाड़ा)
मुरुगय्यन, श्री के० (नागपट्टिनम)
मुरुगेसन, श्री ए० (चिदम्बरम)

मुल्तान सिंह, चौधरी (जलेसर)
मूर्ति, श्री कुसुम कृष्ण (अमालापुरम)
मूर्ति, श्री एम० वी० चन्द्रशेखर (कनकपुरा)
महालगी, श्री आर० के० (थाना)
मैट्टूरी, श्री नागेश्वरराव (तेनाली)
मेहता, श्री अजित कुमार (समस्तीपुर)
मेहता, श्री प्रसन्नभाई (भावनगर)
मैथ्यू, श्री जार्ज (मुवत्तुपुजा)
मोहनरंगम, श्री रागावलू (चेंगलपट्टू)
मोहन भैया, श्री (दुर्ग)
मोदक, श्री विजय (हुगली)
मोहम्मद हयात अली, श्री (रायगंज)
मोहसिन, श्री एफ० एच० (धारवाड़ दक्षिण)
मोहिन्द्र सिंह, श्री (करनाल)
मोइति, आभा श्रीमती (पंसकुरा)

य

यल्लैया, श्री नन्दी (सिद्धिपेट)
यादव, श्री जगदम्बी प्रसाद (गोड्डा)
यादव, श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद (खगरिया)
यादव, श्री नरसिंह (चन्दौली)
यादव, श्री रामजी लाल (अलवर)
यादव, श्री रूपनाथ सिंह (प्रतापगढ़)
यादव, श्री विनायक प्रसाद (सहरसा)
यादव, श्री शरद (जबलपुर)
यादव, श्री हुक्म देव नारायण (मधुबनी)
यज्ञदत्त, श्री (जानपुर)
युवराज, श्री (कटिहार)

र

रघुबीर सिंह, श्री (कुरुक्षेत्र)
रथ, श्री रामचन्द्र (आस्का)
रणजीत सिंह, श्री (हमीरपुर)
रवि, श्री वयालर (चिरयिंकील)
रवि नन्दन सिंह, श्री (सीधी)
रवीन्द्र प्रताप सिंह, श्री (अमेठी)
रशीद मसद, श्री (सहारनपुर)
रांगनेकर, श्रीमती अहिल्या पी० (बम्बई उत्तर-मध्य)
राकेश, श्री आर० एन० (चायल)
राघवजी, श्री (विदिशा)
राघवेन्द्र सिंह, श्री (उन्नाव)
राचैया, श्री बी० (धामराजनगर)
राज केशर सिंह, श्री (मछली शहर)
राजदा, श्री रत्तन सिंह (बम्बई दक्षिण)
राजन, श्री के०ए० (त्रिचूर)
राजनारायण, श्री (राय बरेली)
राजू, श्री के० ए० (पोलाची)
राजू, श्री पी० बी० जी० (बोबिली)
राठवा, श्री अमर सिंह बी० (छोटा उदयपुर)
राठौर, डा० भगवान दास (हरिद्वार)
राम अवधेश सिंह, श्री (विक्रमगंज)
राम, श्री रामदेवी (पलामू)
राम किंकर, श्री (बाराबंकी)
रामकिशन, श्री (भरतपुर)
राम गोपाल सिंह, चौधरी (बिल्लोर)
रामचन्द्रन श्री पी० (मद्रास मध्य)
रामचरण, श्री (जालोन)
रामजी सिंह, डा० (भागलपुर)
रामधन, श्री (लालगंज)
रामजीवन सिंह, श्री (बलिया)
रामदास सिंह, श्री (गिरीडीह)
रामदेव सिंह, श्री (महाराजगंज)
रमापति सिंह, श्री (मोतीहारी)
राममूर्ति, श्री (बरेली)
राम मूर्ति, श्री के० (धमपुरी)

30

रामलिंगम, श्री एन० कुदनतई (मयूरम)
रामलिंगम, श्री पी० एस० (नीलगिरी)
राम सागर, श्री (सैदपुर)
रामास्वामी, श्री के० एस० (गोबीचेट्टिपलम)
रामास्वामी, श्री एस० (पेरियाकुलम)
रामूवालिया, श्री बलवन्त सिंह (फरीदकोट)
राय, श्री ए० के० (धनबाद)
राय, श्री गौरीशंकर (गाजीपुर)
राय, श्री नर्मदा प्रसाद (सागर)
राय, श्री शिवराम (घोसी)
राय, डा० सरदीश (बोलपुर)
राय, श्री सौगत (बैरकपुर)
राव, श्री एम० एस० संजीवी (काकीनाडा)
राव, श्री एम० सत्यनारायण (करीमनगर)
राव, श्री जगन्नाथ (बराहमपुर)
राव, श्री जलगाम कोंडाला (खम्मम)
राव, श्री जे० रामेश्वर (महबूबनगर)
राव, श्री जी० मल्लिकार्जुन (वारंगल)
राव, श्री पट्टाभिराम (राजामुन्द्री)
राव, श्री पी० वी० नरसिंह (हनमकोण्डा)
राव, श्रीमती बी० राधाबाई आनन्द (भद्राचलम)
राव, श्री राजे विश्वेश्वर (चन्द्रपुर)
राही, श्री राम लाल (मिसरिख)
रेड्डी, श्री एम० रामगोपाल (निजामाबाद)
रेड्डी, श्री एस० आर० (गुलबर्गा)
रेड्डी, श्री के० ओबुल (कडप्पा)
रेडी, श्री के० ब्रह्मानन्द (नरसारावपेट)
रेड्डी, श्री के० विजय भास्कर (कुरनूल)
रेड्डी, श्री जी० एस० (मिरायलगुडा)
रेड्डी, श्री जी० नरसिम्हा (आदिलाबाद)
रेड्डी, श्री पी० बायप्पा (हिन्दपुर)
राड्रिक्स, श्री रूडोल्फ (नाम निर्देशित आंग्ल-भारतीय)
रोथुआम, डा० आर० (मिजोरम)

## ल

लकप्पा, श्री के० (तुमकुर)
लक्ष्मीनारायण, श्री एम० आर० (तिंडिवनम)
लहानु सिडुवा कोम, श्री (डहानु)
लालू प्रसाद, श्री (छपरा)
लाल, श्री श्याम सुन्दर (बयाना)
लालजी, भाई श्री (सलूम्बर)
लास्कर, श्री निहार (करीमगंज)
लियाकत हुसैन, श्री सैयद (फतहपुर)
लिमये, श्री मधु (बांका)
लिंगडोह, श्री होपिंगस्टोन (शिलांग)
वाघेला, श्री शंकरसिंहजी (कपड़बंज)
वकील, श्री अब्दुल अहद (बारामूला)
वर्मा, श्री रीतलाल प्रसाद (कोडरमा)
वर्मा, श्री सुखदेव प्रसाद (चतरा)
वर्मा, श्री चन्द्रदेव प्रसाद (आरा)
वर्मा, श्री फूल चन्द (शाजापुर)
वर्मा, श्री बृजलाल (महासमुन्द)
वर्मा, श्री रघुनाथ सिंह (मैनपुरी)
वर्मा, रश्री वीन्द्र (रांची)
वर्मा, श्री हरगोविन्द (सीतापुर)
वशिष्ट, श्री धर्मवीर (फरीदाबाद)
वाजपेयी, श्री अटल बिहारी (नई दिल्ली)
विश्वनाथन, श्री सी० एन० (तिरुपत्तूर)
वीरभद्रप्पा, श्री के० एस० (बेल्लारी)
वेंकटरामन, श्री आर० (मद्रास दक्षिण)
वेंकटासुब्बया, श्री पी० (नन्दयाल)
वेंकटारेड्डी, श्री पी० (ओंगोल)

श

शंकर देव, श्री (बीदर)

शंकरानन्द, श्री बी० (चिकोडी)

शर्मा, श्री जगन्नाथ (गढ़वाल)

शर्मा, श्री यज्ञदत्त (गुरदासपुर)

शर्मा, श्री राजेन्द्र कुमार (रामपुर)

शांति देवी, श्रीमती (सम्भल)

शाक्य, श्री दया राम (फरूखाबाद)

शाक्य, डा० महादीपक सिंह (एटा)

शारदा, श्री एस० के० (अजमेर)

शास्त्री, श्री भानु कुमार (उदयपुर)

शास्त्री, श्री रामाधारी (पदरौना)

शास्त्री, श्री यमुना प्रसाद (रीवा)

शाह, श्री डी० पी० (बस्तर)

शाह, श्री सुरथ बहादुर (खेरी)

शिन्दे, श्री अण्णासाहिब पी० (अहमदनगर)

शिवनारायण, श्री (बस्ती)

शिव सम्पत्ति राम, श्री (राबर्टसगंज)

शिवशंकर, श्री पी० (सिकन्दराबाद)

शुक्ल, श्री चिमन भाई एच० (राजकोट)

शुक्ल, श्री मदन लाल (जजगीर)

शेजवलकर, श्री एन० के० (ग्वालियर)

शेठ, श्री विनोदभाई बी० (जामनगर)

शेर सिंह, प्रो० (रोहतक)

शेयजा, श्रीमती रानो एम० (नागालैंड)

शृंगारे, श्री टी० एस० (उस्मानाबाद)

श्रीकृष्ण सिंह, श्री (मुंगेर)

पांडगी, श्री रूद्र प्रताप (जमशेदपुर)

स

संगमा, श्री पी० ए० (तुरा)

सईद, श्री पी० एम० (लक्षदीप)

सयद, मोहम्मद डा० वी० ए० (कालीकट)

सईद मुर्तजा, श्री (मुज्जफरनगर)

सक्सेना, प्रो० शिब्बनलाल (महाराजगंज)

सत्पथी, श्री देवन्द्र (ढेकानाल)

सत्यदेव सिंह, श्री (गोंडा)

सत्यनारायण, श्री द्रोणम राजू (विशाखापत्त-
नम)

सरकार, श्री शक्ति कुमार (जयनगर)

सरदार, श्री महेन्द्रनारायण (अररिया)

सारण, श्री दौलतराम (चुरू)

सरसूनिया, श्री शिव नारायण (करोलबाग)

साठ, श्री बसन्त (अकोला)

सान्याल, श्री शशांक शेखर (जंगीपुर)

साय, श्री लारंग (सरगुजा)

साय, श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव (रायगढ़)

सामन्त सिंहेरा, श्री पदमाचरण (पुरी)

साहू, श्री एन्थू (बोलनगीर)

साहा, श्री ए० के० (विष्णुपुर)

साहा, श्री गदाधर (बीरभूम)

सिंगारा बार्जवेल, श्री एस० (तंजापुर)

सिंह, डा० बी० एन० (हजारी बाग)

सिकन्दर बख्त, श्री (चांदनी चौक)

सिन्हा, श्री एच० एल० पी० (जहानाबाद)

सिन्हा, श्री महामाया प्रसाद (पटना)

सिंधा, श्री सचिन्द्र लाल (त्रिपुरा-पश्चिम)

सिंधिया, श्री माधवराव (गुना)

सिन्हा, श्री पूर्ण नारायण (तेजपुर)

सिन्हा, श्री सत्येन्द्र नारायण (औरंगाबाद)

सिन्हा, श्री सी० एम० (मयूरभज)

सुखेन्द्र सिंह, श्री (सतना)

सुधीरन, श्री बी० एम० (अलप्पी)

सुन्ना साहिब, श्री ए० (पालघाट)

सुब्रह्मण्यम, श्री सी० (पलानी)
सुमन, श्री रामजी लाल (फिरोजाबाद)
सुमन, श्री सुरेन्द्र झा (दरभंगा)
सुरेन्द्र विक्रम, श्री (शाहजहांपुर)
सूरजभान, श्री (अम्बाला)
सूर्यनारायण, श्री के० (एलुरू)
सेन, श्री प्रफुल्ल चन्द्र (आरामबाग)
सेन, श्री रोबिन (आसनसोल)
सेट, श्री इब्राहीम सुलेमान (मंजरी)
सैनी, श्री मनोहर लाल (महेन्द्रगढ़)
सैयावाला, श्री महेन्द्र सिंह (फिरोजपुर)
सोमानी, श्री रूपलाल (भीलवाड़ा)
सोमानी, श्री एस० एस० (चित्तौड़गढ़)
स्टीफन, श्री सी० एम० (इदक्की)
स्वतन्त्र, श्री जगन्नाथ प्रसाद (बगहा)
स्वामी, श्री सिद्धरामेश्वर (कोप्पल)
स्वामी, डा० सुब्रह्मण्यम (बम्बई-उत्तर पूर्व)
स्वामीनाथन, श्री आर० वी० (मदुरै)
हजारी, श्री राम सेवक (रोसड़ा)
हरिकेश बहादुर, श्री (गोरखपुर)
हरेन भूमिज, श्री (डिब्रूगढ़)
हिरे, श्री वी० जी० (नासिक)
हाल्दर, श्री कृष्ण चन्द्र (दुर्गापुर)
हीराभाई, श्री (बांसवाड़ा)
हुकम राम, श्री (जालोर)
हेगड़े, श्री के० एस० (बंगलौर दक्षिण)

क्ष

क्षेत्री, श्री छत्र बहादुर (सिक्किम)

## लोक सभा के अधिकारी

### अध्यक्ष

श्री के० एस० हेगड़े

### उपाध्यक्ष

श्री गोडे मुराहरी

### सभापति तालिका

श्री बी० पी० कदम

श्रीमती पार्वती कृष्णन

डा० वी० ए० सैयद मोहम्मद

श्री जगन्नाथ शर्मा

श्री एन० के० शेजवलकर

श्री एम० सत्यनारायण राव

### सचिव

श्री अवतार सिंह रिखी

## भारत सरकार

### मंत्रिमण्डल के सदस्य

| | |
|---|---|
| प्रधान मंत्री/वे सभी मंत्रालय, विभाग जिनको नीचे निर्दिष्ट नहीं किया गया है . . . | चौधरी चरण सिंह |
| उप प्रधान मंत्री तथा गृह मंत्री . . | श्री यशवन्त राव चव्हाण |
| वित्त मंत्री . . . . | श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा |
| कृषि और सिंचाई मंत्री . . | श्री ब्रह्म प्रकाश |
| वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति मंत्री . . | श्री हितेन्द्र दिसाई |
| विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री . | श्री एस० एन० कक्कड़ |
| सूचना और प्रसारण मंत्री . . | श्री पुरुषोत्तम कौशिक |
| निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री | श्री राम किंकर |
| बिदेश मंत्री . . . . | श्री श्याम नन्दन मिश्र |
| पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक तथा रेल मंत्री | श्री टी० ए० पई |
| ऊर्जा मंत्री . . . . | श्री कृष्ण चन्द्र पन्त |
| इस्पात और खान तथा कोयला मंत्री . | श्री बीजू पटनायक |
| पर्यटन और नागर विमानन मंत्री . . | श्री मोहम्मद शफी कुरेशी |
| स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री . . | श्री रवि राय |
| उद्योग मंत्री . . . . | श्री के० ब्रह्मानन्द रेड्डी |
| श्रम मंत्री . . . . | श्री फजलुर रहमान |
| शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री . | डा० कर्ण सिंह |
| रक्षा मंत्री . . . . | श्री सी० सुब्रह्मण्यम |
| संचार तथा मुस्लिम वक्फ मंत्री . . | श्री जुल्फिकार उल्लाह |
| . . . | श्री अरविन्द बाला पजनौर |
| . . . | डा० (श्रीमती) सत्यवाणी मुथु |

## राज्य मंत्री

| | |
|---|---|
| वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री | डा० हेनरी आस्टिन |
| विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री . . | श्री वेदव्रत बरुआ |
| शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री . . . . | श्रीमती रशीदा हक चौधरी |
| इस्पात, खान तथा कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री | श्री बी० किशोर चन्द्र एस० देव |
| संसदीय कार्य राज्य मंत्री . . | श्री के० गोपाल |
| कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री | श्री एम० वी० कृष्णप्पा |
| गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री . . | श्री धनिक लाल मण्डल |
| कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री . | श्री नाथू राम मिर्धा |
| नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री | श्री जनेश्वर मिश्र |
| संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री . . | श्री नरसिंह यादव |
| उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री . . | श्री बी० राचैया |
| पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री | श्री पी० अंकिनीडू प्रसाद राव |
| पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री . . . . | श्री सौगत राय |
| इस्पात, खान तथा कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री | श्री पी० एम० सईद |
| संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री . . | श्री टी० एस० शृंगारे |
| ग्राम्य पुनर्निर्माण मंत्रालय मे प्रभारी राज्य मंत्री | श्री भानु प्रताप सिंह |
| रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री . | श्री जगबीर सिंह |

# लोक सभा वाद विवाद (हिन्दी संस्करण)

खण्ड 29, छठी लोक सभा के नौवें सत्र के प्रथम दिवस का अंक

## लोक सभा

सोमवार, 20 अगस्त, 1979/29 श्रावण, 1901 (शक)

लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय** : कृपया शान्त रहें। हम निधन सम्बन्धी उल्लेखों को लेते हैं।

### निधन सम्बन्धी उल्लेख

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्यगण आज हम कुछ ही सप्ताहों के अन्तराल के पश्चात पुन: मिले हैं। मुझे बहुत ही गहरे दुःख के साथ सभा को यह सूचित करना पड़ रहा है, कि हमारे तीन साथियों सर्वश्री मोहन सिंह तुर, मंगल देव, वी० पी० नायक तथा एक भूतपूर्व सदस्य श्री प्रिय गुप्त का देहान्त हो गया है।

श्री मोहन सिंह तुर 1977 में पंजाब के तरन तारन निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। इस सदन में आने से पूर्व 1967 से लेकर 1971 तक वे पंजाब विधान सभा के सदस्य रहे थे। पहले वे पंजाब सरकार में सिंचाई तथा धर्मस्व मंत्री भी रहे थे।

वह एक देशभक्त सामाजिक कार्यकर्ता थे। देश विभाजन के पश्चात् उन्होंने शरणार्थियों के पुनर्वास के लिये भी कार्य किया। 1960 से लेकर 1972 तक वे अकाली दल के उपाध्यक्ष रहे तथा इसके पश्चात इस के अध्यक्ष भी बने।

पंजाबी सूबे की मांग के लिये उन्होंने 1960 में आंदोलन चलाया तथा जेल में गये। आपातकाल के दौरान भी उनको जेल यातनायें सहन करनी पड़ी थीं।

वे इस सदन के वर्ष 1977-78 के लिये नियम समिति के सदस्य भी थे।

30 जुलाई, 1979 को श्री तुर का 63 वर्ष की आयु में चण्डीगढ़ में निधन हो गया।

श्री मंगल देव उत्तर प्रदेश के अकबरपुर निर्वाचन क्षेत्र से इस सदन के एक सदस्य थे। इससे पहले वे 1962 से लेकर 1967 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे। उत्तर प्रदेश सरकार में उन्होंने 1967 में मंत्रीपरिषद् में मंत्री के रूप में भी सेवा की थी।

वह एक कार्यशील सामाजिक कार्यकर्त्ता थे, 1948 से लेकर 1967 तक वह जिला परिषद् आजमगढ़ के सदस्य रहे तथा वहां पर उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य समिति के सभापति के रूप में सेवा की। वह उत्तर प्रदेश की "भूमि व्यवस्था जांच समिति" के भी सदस्य रहे।

[अध्यक्ष महोदय]

वह एक कार्यशील राजनीतिज्ञ थे तथा अनुसूचित जातियों के कल्याण में गहरी दिलचस्पी लेते थे । वह अनेक वर्षों तक हरिजन तथा समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य भी रहे थे ।

30 जुलाई, 1979 को श्री मंगल देव का 58 वर्ष की आयु में लखनऊ में निधन हो गया ।

श्री वी० पी० नायक महाराष्ट्र के बसीम निर्वाचन क्षेत्र से इस सदन के लिए निर्वाचित हुए थे । इससे पूर्व वह 1952 से लेकर 1977 तक मध्य प्रदेश विधान सभा बम्बई विधान सभा तथा महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य रह चुके थे ।

वह कृषक तथा सामाजिक कार्यकर्त्ता थे । उन्होंने अपना जीवन व्यवसाय एक वकील के रूप में प्रारम्भ किया । राजनीति में उन्होंने 1946 में प्रवेश किया जबकि वे अपने ही कस्बे की पुसाद म्युनिसिपल काउंसिल के अध्यक्ष बने । 1952 में वह मध्य प्रदेश विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए थे तथा राजस्व मन्त्री के रूप में उनकी नियुक्ति की गई । 1957 में वह सहकारिता मन्त्री बने तथा बाद में बम्बई सरकार में कृषि मन्त्री बने । 1960 में वह महाराष्ट्र सरकार में राजस्व मन्त्री नियुक्त किये गये तथा 1963 तक उस पद पर बने रहे । फिर वह उस राज्य के मुख्य मन्त्री बने । मुख्य मन्त्री के पद पर वह 1975 तक बने रहे थे । महाराष्ट्र में उन्होंने पंचायती राज्य पद्धति की स्थापना की तथा राज्य में बेरोजगारों की कठिनाइयों को कम करने के लिये रोजगार गारण्टी योजना को लागू किया । वह एक योग्य प्रशासक थे । उन्होंने बहुत से पदों पर बड़े सम्मान के साथ कार्य किया ।

वह एक कार्यशील राजनीतिज्ञ थे वह सभा की कार्यवाहियों में काफी रुचि रखते थे तथा हमेशा ही किसानों, भूमिहीनों तथा समाज के गरीब वर्ग के हितों की तरफदारी करते थे । ग्रामीण उत्थान तथा विकास कार्यों के लिए उन्होंने अपने आप को पूरे दिल से लगा रखा था उन्होंने काफी यात्रायें की थी ।

18 अगस्त, 1979 को श्री नायक का 66 वर्ष की आयु में सिंगापुर में निधन हो गया । उनकी मृत्यु से देश ने एक योग्य प्रशासक तथा अनुभवी राजनीतिज्ञ को खो दिया है ।

श्री प्रिय गुप्त तीसरी लोक सभा में 1962 से लेकर 1967 तक रहे । उन्होंने बिहार के कटिहार निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था ।

वह एक अनुभवी कार्मिक संघ नेता थे, रेल कर्मचारियों के कार्मिक संघों से उनका बहुत ही करीब का नाता था । उन्होंने आसाम रेलवे श्रमिक संघ के महासचिव, बंगाल आसाम रेलवे कर्मचारी संघ के संयुक्त महासचिव, उत्तर-पूर्वी रेलवे मजदूर संघ के महासचिव तथा बाद में उपाध्यक्ष तथा उत्तर-पूर्वी-सीमान्त रेलवे मजदूर संघ के महासचिव के रूप में कार्य किया । मृत्यु के समय वह अखिल भारतीय रेलवे संघ के अध्यक्ष थे ।

वह एक कार्यशील राजनीतिज्ञ थे, उन्होंने सभा की कार्यवाहियों में काफी दिलचस्पी ली तथा हमेशा ही औद्योगिक तथा रेलवे मजदूरों की भलाई के लिये कार्य किया ।

12 अगस्त, 1979 को श्री गुप्त का 58 वर्ष की आयु में डिब्रूगढ़ में देहान्त हो गया ।

हम अपने इन मित्रों की मृत्यु पर गहरा दुःख प्रकट करते है, तथा मुझे विश्वास है कि उनके संतप्त परिवारों को शोक संदेश भेजने के लिये सदन मेरे साथ है।

**तत्पश्चात् सदस्यगण कुछ क्षण तक मौन खड़े रहे।**

**श्री कंवर लाल गुप्त** (दिल्ली सदर) : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

**अध्यक्ष महोदय** : निधन सम्बन्धी उल्लेख के बारे में श्री बरनाला जी कुछ कहना चाहते हैं। पहले उन्हें कहने दीजिये।

**श्री सुरजीत सिंह बरनाला** (संगरूर): अध्यक्ष महोदय, अकाली संसदीय दल की ओर से मैं दिवंगत मित्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

सरदार मोहन सिंह तुर एक साहसी स्वतन्त्रता सेनानी थे। उन्होंने पद-दलित तथा निर्धन लोगों के हितो की रक्षा की। उन्होंने ये विशेषतायें वंश परम्परा में अपने पिता सरदार जगत सिंह से प्राप्त की थी। उनके पिता भी एक बहुत बड़े स्वतन्त्रता सेनानी थे। उन्होंने 1922 में 500 अकाली स्वयं सेवकों के एक जत्थे का नेतृत्व किया था। यह जैतों मोर्चा के लिये शहीदी जत्थे के नाम से जाना जाता है। इस जत्थे पर गोलियां चलाई गई थी तथा बहुत से स्वयं सेवक मारे गए थे। वे स्वयं भी गोलीबारी में घायल हो गये थे। पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने भी मोर्चे को देखने के लिये जैतों का दौरा किया था तथा वहां पर उनको गिरफ्तार करके कुछ अवधि के लिये नाभा जेल में भी बन्दी रखा गया था।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् भी जत्थेदार मोहन सिंह तुर ने अपने को अदालत में गिरफ्तार कराया तथा दस बार जेल गये। उन्होंने जेल से ही श्री प्रताप सिंह कैरों के विरुद्ध पहला चुनाव लड़ा था जबकि श्री कैरों उस समय पंजाब के मुख्य मंत्री थे। उस समय श्री प्रताप सिंह कैरों को सरदार मोहन सिंह तुर के विरुद्ध केवल 34 मतों से ही निर्वाचित घोषित किया गया था। सरदार मोहन सिंह तुर 1967 से लगातार पंजाब राज्य विधान सभा के सदस्य रहे तथा पंजाब सरकार में कुछ समय के लिये मंत्री पद पर भी रहे। वह अकाली दल के पांच वर्ष तक अध्यक्ष रहे तथा 1974 में हरियाणा में नागरिक अधिकारों को कुचले जाने के विरोध में एक मोर्चा चलाया। विरोधी दलों द्वारा बुलाई गयी सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए जत्थेदार तौहरा तथा सरदार प्रकाश सिंह बादल को गिरफ्तार कर लिया गया था। श्री तुर ने एक हजार लोगों के एक बहुत बड़े जत्थे का नेतृत्व किया। उस मोर्चे में बहुत से राष्ट्रीय नेताओं ने भाग लिया जो करनाल मोर्चे के नाम से प्रसिद्ध है। उस मोर्चे में आचार्य कृपलानी भी करनाल में गये थे तथा वहां पर उनको कुछ समय तक बन्दी रखा गया था। एक सप्ताह के भीतर ही सफलता प्राप्त करके उस मोर्चे का काम पूरा हुआ। आपात्तकाल में भी सरदार मोहन सिंह तुर को आपातकाल के विरोध में मोर्चा लगाने का कार्यभार सौंपा गया था। और लम्बी अवधि तक उन्होंने मोर्चे का संगठन किया और उसके मार्गदर्शन तथा नेतृत्व में 43,000 स्वयं सेवकों ने आपात स्थिति में गिरफ्तारियां दी। 10 महीने तक आपात स्थिति के दौरान वह जेल में रहे और उन्हें पहला दिल का दौरा जेल में ही पड़ा था। उन्होंने पैरोल पर रिहाई होने से इन्कार कर दिया था। उनका जेल में इलाज किया गया था। और उसके पश्चात् उन्हें एक के बाद एक तीन बार दिल के दौरे पड़े और वह अन्ततः चण्डीगढ़ में स्वर्ग सिधार गये।

[श्री सुरजीत सिंह बरनाला]

वह एक धार्मिक व्यक्ति थे और उन्हें अकाल तखत के सबसे बड़े पद--ग्रन्थी के पद पर नियुक्त किया गया। सिखों की यह सबसे बड़ी पदवी है। कुछ समय तक वह मुख्य ग्रन्थी के पद पर भी रहे। वह बड़े दयालु हृदय के व्यक्ति थे और मैं कहना चाहता हूं कि उनके निधन से भारत ने एक सन्त-सिपाही खो दिया है।

मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्राप्त हो।

---

**प्रधान मंत्री के उस पत्र, जिसमें उन्होंने अपना तथा अपनी मंत्री परिषद का त्यागपत्र दिया, के बारे में घोषणा**

**अध्यक्ष महोदय** : मुझे प्रधान मंत्री से एक पत्र प्राप्त हुआ है कि "मैंने अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद का त्यागपत्र राष्ट्रपति को भेज दिया है।

**(व्यवधान)**

**श्री कंवर लाल गुप्त** (दिल्ली सदर) : मैं एक व्यवस्था के प्रश्न पर खड़ा हुआ हूं। **(व्यवधान)** मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि दल बदलुओं का सरदार सदन का सामना किये बिना ही भाग गया है।

**अध्यक्ष महोदय** : क्या आप का व्यवस्था का प्रश्न है। आप का व्यवस्था का प्रश्न क्या है?

**श्री कंवर लाल गुप्त** : मैं व्यवस्था के प्रश्न पर खड़ा हूं। मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि...

**डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी** (बम्बई उत्तर-पूर्व) : श्री चरण सिंह सदन से डिफेक्ट कर गये हैं।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि दल बदलुओं के सरदार **(व्यवधान)** चौधरी चरण सिंह चले गये, **(व्यवधान)** वह भाग गये हैं और उन्होंने सदन का सामना करने का साहस नहीं किया है। **(व्यवधान)**

**प्रो० पी० जी० मावलंकर** (गांधीनगर) : महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। **(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय** : आपका व्यवस्था का क्या प्रश्न है?

**प्रो० पी० जी० मावलंकर**: मैं यहां पर खड़ा हूं और मुझे इसे स्वीकार करना होगा.... **(व्यवधान)** आपके सभी विनिर्णय, जिसमें परिस्थितियों के परिवर्तन के पश्चात् सीटों का आवंटन भी है। मैं यह कहना चाहता हूं कि आपने मुझे यहां पर सीट दी है। इस बात पर मैं बड़ा अप्रसन्न हूं क्यों कि मैं इस तरफ से अधिक उस तरफ हूं **(व्यवधान)**। मैं उस तरफ सीट चाहता हूं, इस तरफ नहीं। चूंकि में हमेशा आपकी सलाह पर ध्यान देता हूं और आपके विनिर्णयों का पालन करता हूं अत: यहां बैठना स्वीकार कर रहा हूं। मैं इस दल तथा सरकार के साथ बिल्कुल नहीं हूं **(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय** : यह व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

**प्रो० पी० जी० मावलंकर** : अब मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि लोक सभा सचिवालय ने आपने मार्गदर्शन और निर्देश से दो कार्य सूचियां जारी की हैं ...... **(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय** : प्रो० मावलंकर, क्या आप अपनी बात पूरी करेंगे?

**प्रो० पी० जी० मावलंकर :** मुझे अपनी बात पूरी करने दीजिए। मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि एक मूल कार्य सूची है जो साइक्लोस्टाइल्ड थी और एक छपी हुई संशोधित कार्य सूची है।

**अध्यक्ष महोदय :** आप किन्हीं पुरानी सूचियों की बात कर रहे हैं।

**प्रो० पी०जी० मावलंकर :** नहीं, पुरानी सूचियों की नहीं। हम संसद सदस्य इस सदन में होने वाली बातों का ही नोटिस लेते हैं अखबारों में छपने वाली बातों का नहीं। समाचार पत्रों में क्या प्रकाशित होता है अथवा राष्ट्रपति भवन और मन्त्रिमण्डल की बैठकों में क्या होता है, इससे हमें कोई सरोकार नहीं होता। हम तो सदन में होने वाली बात पर ध्यान देते हैं। और मैं यह कहना चाहता हूं कि किस नियम के अन्तर्गत ऐसा हुआ है, आज सरकार को विश्वास प्रस्ताव का सामना करना था। उन्हें संसद का सामना करना था **(व्यवधान)**

**श्री सी० एम० स्टीफन (इदक्की) :** मैं एक व्यवस्था के प्रश्न पर खड़ा हुआ हूं।

**श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) :** मैं यह जानना चाहता हूं कि कार्यवाही का क्रम क्या है और बैठने का क्रम क्या है ?

**(व्यवधान)**

**श्री सी० एम० स्टीफन :** मैं व्यवस्था के प्रश्न पर खड़ा हुआ हूं। आपने हमें पढ़ कर सुनाया है . . . . **(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय :** जब तक राष्ट्रपति का आदेश नहीं आता, मैं सदन को स्थगित नहीं कर सकता। **(व्यवधान)**

**श्री सी० एम० स्टीफन :** मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। आपने हमें प्रधान मंत्री का एक पत्र पढ़ कर सुनाया है। मैं प्रधान मंत्री के व्यवहार तथा आपकी इस घोषणा कि उन्होंने त्यागपत्र दे दिया है पर आपत्ति करता हुं **(व्यवधान)** . . . .प्रधान मंत्री का त्यागपत्र राष्ट्रपति को दिया जाना है और राष्ट्रपति को उसे स्वीकार करने की घोषणा करनी है। अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। यह कभी नहीं सुना गया कि प्रधान मंत्री अध्यक्ष महोदय को लिख दें कि उन्होंने त्यागपत्र दे दिया है।

**अध्यक्ष महोदय :** मुझे इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है।

**श्री सी० एम० स्टीफन :** प्रधान मंत्री को अध्यक्ष महोदय को संदेश नहीं भेजना चाहिये क्योंकि वह उपयुक्त प्राधिकारी नहीं हैं। सन्देश तो . . . . **(व्यवधान)**। राष्ट्रपति से हमें अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। . . . **(व्यवधान)** जब तक राष्ट्रपति त्यागपत्र स्वीकार नहीं कर लेते तब तक प्रधान मंत्री प्रधान मंत्री है। महोदय, इस सदन को एक ऐसे प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बुलाया गया है जो प्रधान मंत्री के नाम में हैं। . . . **(व्यवधान)** जब तक राष्ट्रपति द्वारा त्यागपत्र स्वीकार नहीं किया जाता तब तक प्रधान मंत्री को यह प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत करना चाहिये।

**श्री ज्योतिर्मय बसु :** वह अब प्रधान मंत्री नहीं रहे . . . **(व्यवधान)**।

**श्री सी० एम० स्टीफन** : 28 दिन तक वह प्रधान मंत्री रहे हैं (**व्यवधान**)। सभी व्यक्ति जो उस ओर बैठे हैं, गैर-कानूनी तरीके से वहां बैठे हैं . . . (**व्यवधान**)। उनको सदन को इन 28 दिनों का हिसाब देना है कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है; जो शक्तियां उनको दी गईं, उनका प्रयोग उन्होंने किस भांति किया है। वह इन शक्तियों को कानूनी स्वीकृति के अभाव में प्रयोग करते रहे हैं . . . (**व्यवधान**)। अतः सदन को या तो **विश्वास-प्रस्ताव** अथवा अविश्वास प्रस्ताव जिसका नोटिस श्री कंवर लाल गुप्त ने दिया है, पर विचार करना पड़ेगा। इससे बचने का कोई चारा नहीं है। सदन को एक मंत्री के व्यवहार का मूल्यांकन करना चाहिये। सदन को इस बात का मूल्यांकन भी करना चाहिये कि राष्ट्र को कैसे चलाया जा रहा है। कुछ कायर सभा को छोड़कर जा रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि हम उन्हें भागने नहीं दे सकते। उन्हें वापस आ कर सदन का सामना करना होगा। अतः मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि जैसे कि आपने अधिसूचित किया है, सदन की कार्यवाही आरम्भ की जाये और यदि प्रधान मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं तो अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये ताकि हम इस मामले को सदन में उठा सकें . . . (**व्यवधान**)।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने व्यवस्था का प्रश्न सुन लिया है।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : नियम 199 के अन्तर्गत।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय** : जब तक राष्ट्रपति त्यागपत्र स्वीकार नहीं करते मैं सभा को स्थगित नहीं कर सकता।

(**व्यवधान**)

**श्री चन्द्र शेखर** (बलिया) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। प्रधान मंत्री ने आपको पत्र भेजा है जिसमें यह लिखा है कि उन्होंने त्यागपत्र दे दिया है।

यह ठीक है कि आपको राष्ट्रपति भवन से त्यागपत्र स्वीकार होने के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। अतः सभा सिवाए परस्पर कटु आरोप लगाने के और कोई कार्य नहीं कर सकती।

शासक दल बहुत ही कठिन स्थिति में फंस गया है। इसलिए मैं अनुरोध करता हूं कि हमें सदन की कठिनाई और नहीं बढ़ानी चाहिये। मैं अनुरोध करता हूं कि सदन और अध्यक्ष उनकी सहायता करें और सदन को एक या दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया जाए मेरा विचार है कि उस समय तक राष्ट्रपति का पत्र प्राप्त हो जाएगा।

(**व्यवधान**)

**श्री बसन्त साठे** (अकोला) : मैं व्यवस्था का प्रश्न उठाता हूं। . . . (**व्यवधान**) एक बार सभा बुलाने पर, सभा निर्णायक हो जाती है। हम निर्णायक हैं। हमें कार्यवाही जारी रखनी चाहिए। यदि वे विश्वास मत प्राप्त नहीं करते हैं तो हमें अविश्वास प्रस्ताव रखने का अधिकार है। अविश्वास प्रस्ताव पहले ही प्रस्तुत कर दिया गया है। सभा केवल यही काम कर सकती है, बस। यदि वे विश्वास-मत प्राप्त करने का प्रस्ताव नहीं रखते हैं तो राष्ट्रपति से प्राप्त होने वाले पत्र के अभाव में हमें अविश्वास प्रस्ताव रखने का अधिकार है। यह पहले ही पेश किया जा चुका है। उसी पर विचार किया जाये। केवल यही कार्य किया जा सकता है। आप सभा को स्थगित नहीं कर सकते। अब सभा स्वयं स्वामी है। इसे कोई स्थगित नहीं कर सकता।

**श्री जगजीवन राम** (सहसराम) : जिस स्थिति का हमें सामना करना पड़ रहा है उस सम्बन्ध में मैं आपके तथा शासक दल के अपने साथियों के विचारार्थ यह सिफारिश करने का सुझाव देता हूं । कि सभा को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया जाए और सभा की बैठक 1 या 2 बजे पुनः आरम्भ की जाये ।

**एक माननीय सदस्य** : प्रधान मंत्री द्वारा त्यागपत्र दिये जाने के कारण विश्वास-मत का प्रस्ताव स्वतः ही रद्द हो जाता है ।

(**व्यवधान**)

**अध्यक्ष महोदय** : मेरे विचार में सभा की सामान्य कार्यवाही नहीं चल सकती । अतः सभा की बैठक 2 बजे तक के लिए स्थगित होती है ।

---

**लोक सभा 14.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई ।**

---

**लोक सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात् 14.00 बजे पुनः समवेत हुई ।**

**(अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुये)**

## सभा पटल पर रखे गये पत्र

(एक) प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्रपति को भेजा गया पत्र जिसमें उन्होंने अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का त्यागपत्र दिया ।

(दो) राष्ट्रपति का पत्र जिसमें उन्होंने उनका तथा उनकी मंत्रिपरिषद् का त्यागपत्र स्वीकार किया ।

**सचिव** : मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्रपति को भेजा गया दिनांक 20 अगस्त, 1979 का पत्र जिसमें उन्होंने अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का त्यागपत्र दिया ।

(2) राष्ट्रपति द्वारा प्रधान मंत्री को भेजा गया दिनांक 20 अगस्त, 1979 का पत्र जिसमें उन्होंने उनका तथा उनकी मंत्रिपरिषद् का त्यागपत्र स्वीकार किया और उनके तथा उनके सहयोगियों से अन्य व्यवस्था होने तक कार्य करते रहने को कहा ।

[ग्रंथालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 4619/79]

**अध्यक्ष महोदय** : राष्ट्रपति से प्राप्त पत्र को दृष्टि में रखते हुये सभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होती है ।

**मध्याह्न पश्चात् 2.2 बजे**

**तत्पश्चात् लोक सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुई ।**

---

म० प्र० भा० स० मु० मि० रो० नई दिल्ली—एल० एस० iii—1667 एल० एस०—2-9-79—210

पी०एल०एस० 48:XXIX/1/79 (एन)

210

© 1979 लोक सभा सचिवालय को प्रतिलिप्यधिकार प्राप्त ।

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन सम्बन्धी नियमों (छठा संस्करण) के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित और महाप्रबन्धक, भारत सरकार मुद्रणालय मिन्टो रोड, नई दिल्ली-110002 द्वारा मुद्रित ।